ISTE Faculty Convention-2018

"Indian Society for Technical Education Section Level (Punjab, Chandigarh, Himanchal Pradesh and J&K section) Faculty Convention-2018" and panel discussions on the theme : Transition in Technical education : Causes and concerns hosted by DAV Institute of Engineering and Technology, Jalandhar on October 12, 2018.

Punjab Kesri
15-10-2018

डेविएट में 'एस.टी.ई. सैक्शन लैवल कन्वैंशन-2018' का हुआ आयोजन

'आजादी से लेकर अब तक टैक्नीकल शिक्षा का योगदान सराहनीय'

जालंधर, 14 अक्तूबर (विनीत): डी.ए.वी. इंस्टीच्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलॉजी (डेविएट), कबीर नगर में एस.टी.ई. सैक्शन लैवल कन्वैंशन 2018 का आयोजन हुआ, जिसमें पंजाब, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर की टैक्नीकल संस्थाओं के फैकल्टी सदस्यों ने भाग लिया।

पी.टी.यू. के वी.सी. डा. अजय शर्मा, डा. सतीश शर्मा के साथ प्रिं. डा. मनोज कुमार व अन्य।

उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पधारे पंजाब टैक्नीकल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डा. अजय शर्मा ने शमां रोशन कर कार्यक्रम का आगाज किया, जबकि डा. सतीश शर्मा (डायरैक्टर, डी.ए.वी. सी.एम.सी., कालेजिज) विशेषातिथि रहे।

कन्वैंशन में संबोधित करते हुए डा. अजय शर्मा ने कहा कि 'टैक्नीकल शिक्षा' वर्तमान समय की सबसे मुख्य शिक्षण प्रणाली है, परन्तु हम अभी भी इस क्षेत्र में पेश आ रही विभिन्न चुनौतियों का सामना नहीं करते। उन्होंने कहा कि पी.टी.यू. ने स्टूडैंट्स के शिक्षा स्तर को सुधारने में सदैव अपना योगदान डाला है। डेविएट के प्रिंसीपल डा. मनोज कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे विभिन्न परिवर्तनों के तहत यह कन्वैंशन सभी के लिए अति लाभदायक होगी। डेविएट की डा. नीरू मल्होत्रा व डा. दविन्द्र प्रियदर्शी को 'आई.एस.टी.ई. सैक्शन' बैस्ट टीचर के अवार्ड से सम्मानित किया गया। लेखन प्रतियोगिता में एम.जी.एन. पब्लिक स्कूल, आदर्श नगर के एमिल मैथ्यू ने पहला, दयानंद माडल स्कूल, माडल टाऊन की जन्नत कौर ने दूसरा व एम.जी.एन. स्कूल, आदर्श नगर के छात्र उसनीक सिंह ने तीसरा स्थान हासिल कर नकद इनाम जीते। कन्वैंशन में एन.आई.टी. के डायरैक्टर डा. ललित अवस्थी, डा. एम.के. झा, डा. सुदर्शन आइंगर, डा. मनिन्द्र सिंह, शिखर साहनी, विशाल सूद भी मौजूद थे। अंत में राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

Uttam Hindu

13-10-2018

प्रैक्टिकल ज्ञान वाली फैकल्टी से होगा स्टूडेंट्स को लाभ : डा. अजय शर्मा

जालंधर/विकास शर्मा : इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन पंजाब, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर की तरफ से डेविएट में साल 2018 के लिए टेक्निकल इंस्टीट्यूटस की फैकल्टी के लिए कन्वेंशन करवाई गई। कन्वेंशन को संबोधित करते हुए डेविएट के प्रिंसिपल डा. मनोज कुमार ने बताया कि देशभर के 3300 कालेजों में 16 लाख सीटें हैं। उन्होंने बताया कि तकनीकी संस्थानों को पेश आ रही दिक्कतों का ही परिणाम है कि आज 300 कालेज बंद हो चुके हैं। उन्होंने तकनीकी शिक्षा का क्षेत्र रिसर्च आधारित होना चाहिए ताकि स्टूडेंट्स को लाभ मिल सके। मुख्य अतिथि आईकेजी पीटीयू के वाइस चांसलर डा. अजय शर्मा ने कहा कि हमें प्रैक्टिकल ज्ञान वाली फैकल्टी रखनी चाहिए ताकि स्टूडेंट्स को इंडस्ट्रीज का प्रैक्टिकल ज्ञान मिल सके। डीएवीसीएमसी के डायरेक्टर डा. सतीश शर्मा ने कहा कि वर्तमान युग खोज का युग है।

Daily Yugmarg
13-10-2018

ISTE convention held at DAVIET

JALANDHAR: Indian society for Technical Education Punjab, Chandigarh, Himachal Pradesh and Jammu and Kashmir Section, organized ISTE Section Level Convention for faculty of Technical Institutions for the Year 2018 here at DAVIET. Dr. Manoj Kumar, Principal DAVIET in his address stated that the need of the hour is to realise the basic reasons behind the changes in the field of technical education. Dr. Satish Sharma, Director Colleges DAVCMC, New Delhi delivered the key note address on Transitions in Technical Education. The Chief Guest, Dr. Ajay Sharma delivered the Presidential address shared that we have the third largest education system in the world, yet we are not able to face the challenges that are in front of us. The highlight of the show was the panel Discussion on the Topic Transitions in Technical Education: Causes and Concerns.